# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–14 अक्टूबर 2025 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपावली पर्व पर राज्य कर्मचारियों को वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पचीस के लिए बोनस देने की घोषणा की है। इस निर्णय से प्रदेश सरकार के लगभग चौदह लाख बयासी हजार कर्मचारी लाभान्वित होंगे, जिस पर लगभग एक हजार बाइस करोड़ रूपये खर्च होंगे। वेतन मैट्रिक्स लेवल–8 तक के कार्मिकों को तीस दिन की परिलब्धियों के आधार पर प्रत्येक कर्मचारी को छः हजार नौ सौ आठ रूपये तक का बोनस मिलेगा। मुख्यमंत्री ने एक सोशल पोस्ट में यह जानकारी देते हुए कहा कि कर्मचारियों की निष्ठा, परिश्रम और योगदान के प्रति प्रदेश सरकार का यह एक उपहार है। उन्होंने निर्देश दिया कि पात्र कर्मचारियों को बोनस का भुगतान समय से किया जाए ताकि सभी परिवार इस पर्व को उल्लासपूर्वक मना सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की प्रगति में सरकारी कर्मचारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और सरकार हर स्तर पर उनके कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

**********

गृहमंत्री अमित शाह ने अयोध्या में एनएसजी हब बनाने की घोषणा की है। हरियाणा के मानेसर में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड–एनएसजी के इकतालीसवें स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि एनएसजी देश में संगठित अपराध और आतंकवाद से निपटने में अग्रणी रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड उत्तर प्रदेश के अयोध्या में एक केंद्र स्थापित करेगा। श्री शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। उन्होंने कहा कि देश को आतंकवादी खतरों से बचाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इस कार्यक्रम के दौरान श्री शाह ने विशेष अभियान प्रशिक्षण केंद्र की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि यह केंद्र आतंकवाद से निपटने के लिए उन्नत प्रशिक्षण देगा।

***छह हब अब तक एनएसजी के बन चुके है मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, हैदराबाद, अहमदाबाद, जम्मू टास्क फोर्स और अब अयोध्या में भी बनने जा रहा है। ये छह जगह पे एनएसजी के कमांडो 365 दिन 24 घंटा तैनात रहेंगे। उनके लिए वो सेंटर से ईद–गिर्द का एक जोन तय कर लिया जाएगा और वो स्पेशल कम्पोजिट ग्रुप वो जोन पर आने वाले किसी भी अकस्मात आतंकी हमलों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए हमेशा उपलब्ध रहेंगे।***

**********

केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लखनऊ मण्डल में सोनिक गुड्स शेड पर देश की पहली "डोर–टू–डोर लॉजिस्टिक्स सेवा" का शुभारंभ किया। यह सेवा कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड–कॉन्कर द्वारा संचालित की जाएगी। यह परियोजना प्रारंभिक रूप से दो वर्षों की अवधि के लिए स्वीकृत की गई है, जिसे आवश्यकता अनुसार दो वर्ष की अतिरिक्त अवधि के लिए बढ़ाया जा सकता है।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी बचत उत्सव की घोषणा पिछले महीने की बाइस तारीख को थी। इसका लाभ पूरे देश को मिल रहा है। जीएसटी सुधारों के सकारात्मक प्रभावों पर एक रिपोर्ट –

***नए जीएसटी सुधारों से कारीगरों, किसानों और पर्यटन उद्योगों को बढावा मिल रहा है। जीएसटी दरों में कमी से पारंपरिक और क्षेत्रीय उत्पाद अब ज्यादा किफायती हो गए हैं जिससे स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा मिल रहा है। जीएसटी में इस बदलाव से अदरक, हल्दी, बांस और फलों जैसी पैकेज्ड और प्रसंस्कृत वस्तुओं पर कर की दर 18 प्रतिशत से घटकर 5 प्रतिशत हो गई है। जीएसटी में कटौती से स्थानीय सामान सस्ता हुआ है और ग्रामीण व अर्ध शहरी क्षेत्रों में रोजगार को बढ़ावा मिला है। इसके साथ ही 7500 रूपये तक के होटल में रहने पर 5 प्रतिशत जीएसटी लगने से अब पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। इशानी और सौम्या के साथ दिलनशी आरजू, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

**********

श्रम और सेवा योजन विभाग की ओर से गोरखपुर के मदनमोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आज से दो दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। इस मेले में प्रदेश भर से आ रहे पात्र अभ्यर्थी कुल दस हजार छह सौ पचपन पदों के लिए अपना पंजीकरण करा रहे हैं। इनमें कंस्ट्रक्शन वर्कर, सुपरवाइजर,फोरमैन और बस चालक जैसे कई पद शामिल हैं।

**********

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा आज लखनऊ में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के ग्यारह वर्ष पूरे होने पर पाँच दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में लगी यह प्रदर्शनी अट्ठारह अक्टूबर तक चलेगी। प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रगतिशील किसान और पद्मश्री से सम्मानित राम शरण वर्मा ने किया। इस अवसर पर केन्द्रीय संचार ब्यूरो के निदेशक मनोज कुमार वर्मा ने आम लोगों से प्रदर्शनी को देखने का आग्रह किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण, गोष्ठी, वक्तव्य और विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है।

**********